तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 20 जुलाई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 नदियों के बढ़ते जलस्तर को मापने रेलवे ने लगाया वाटर लेवल मॉनीटरिंग सिस्टम




# टूरिज्म को बढ़ावा देने ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू होगी होम स्टे योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा पर प्रशासन ने अपने स्तर पर कार्य शुरू कर दिए हैं। उत्तराखंड की तर्ज पर ग्रामीण अंचलों में होम स्टे योजना पर कार्य करने प्रस्ताव तैयार किया गया है। इससे जहां ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेगे वहीं ग्रामीणों को आर्थिक लाभ भी मिलेगा। ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां अभी भी टूरिज्म को बढ़ावा देना बाकी है, जिन्हें विकसित कर पर्यटन में मानचित्र में स्थान दिलाया जाएगा।


अलग खबर

होम स्टे योजना पर प्रशासन ने अपने स्तर पर प्रस्ताव तैयार किया है। इसमें ग्रामीणों की भागीदारी शामिल की गई है। यह योजना सीधे ग्रामीणों को आर्थिक लाभ से जोड़ेगी। इस योजना में ग्रामीणों को उनके गांव में ही अपने खर्च पर सर्वसुविधायुक्त घर तैयार करना होगा। जिसमें पर्यटक आकर ठहर सके और उन्हें भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्था पारंपरिक ग्रामीण व्यवस्था के अलावा शहरी तर्ज पर भी उपलब्ध कराया जा सके। इसके लिए ग्रामीणों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा ताकि उन्हें पर्यटन के लिए आने वाले पर्यटकों को किस तरह से सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए इसकी जानकारी दी जाएगी। उत्तराखंड की तर्ज पर जिले के टूरिज्म को बढ़ावा ⏭ शेष पेज 3 पर

## बुका, सतरेंगा, चैतुरगढ़ होंगे विकसित

**खास बात**

- ग्रामीणों को मिलेगा रोजगार, जिले के दो बड़े पर्यटन केंद्र हुए चिन्हांकित



### होम स्टे की तैयारी

पर्यटन को बढावा देने के लिए जिले के बड़े पर्यटन स्थल के ग्रामीण क्षेत्रों में होम स्टे योजना की तैयारी चल रही है। इससे ग्रामीणों को सीधे रोजगार मिलेगा और पर्यटकों को सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगे, डीएमएफ से यह प्रस्तावित है।

- अजीत वसंत, कलेक्टर

### वेबसाइट में होगा प्रचार प्रसार

होम स्टे योजना को क्रियान्वित करने के बाद उनके बुकिंग के लिए भी प्रशासन के वेबसाइट में ही प्रचार प्रसार किया जाएगा ताकि जो पर्यटक अन्य जिलों से आते हैं उन्हें पर्यटन स्थल पर तैयार किए गए होम स्टेय की जानकारी मिल सके और वह बुकिंग करा सके। होम स्टे से संबंधित पूरी जानकारी वेब साइट पर ही उपलब्ध रहेगी।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 31 तक करा सकते हैं बीमा

**कोरबा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ वर्ष में कृषकों को बीमा आवरण में शामिल होने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसल हेतु सिंचित व असिंचित धान, मक्का, अरहर, मूंग, मूंगफली, कोदो, कुटकी, अरहर (तुअर) फसल का बीमा कराया जा रहा है। इन फसलों का ओलावृष्टि, बेमौसम बारिश, भूस्खलन, जल भराव, बादल फटने, आकाशीय बिजली जैसे प्राकृतिक आपदाओं, कीट एवं रोगों के परिणाम स्वरूप अधिसूचित फसलों के नष्ट होने की स्थिति में किसानों को बीमा का लाभ दिया जाएगा।

### चार अभ्यर्थियों को मिली अनुकंपा नियुक्ति

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में जारी नई गाइड लाइन के परिपालन में कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में शासकीय सेवकों की असामयिक मृत्यु होने पर उनके परिवार के आश्रित सदस्यों को सहायक ग्रेड-तीन के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर द्वारा जिला कार्यालय में 4 लोगों को अनुकंपा नियुक्ति के तहत सहायक ग्रेड-3 के रूप में नियुक्ति प्रदान की गई है। जिसके अंतर्गत जसलोक पिता स्व. डॉ.छत्तरसिंह कंवर, ग्राम बिरवट जिला कोरबा, देवआशिष कैवर्त पिता स्व. बेदराम कवर्त, ग्राम तिलकेजा जिला कोरबा, अविनाश कांत लकड़ा माता स्व.औरेलिया लकड़ा पिता काशिमर लकड़ा ग्रीन गार्डन कॉलोनी बिलासपुर और श्री ईश्वर सिंह कंवर पिता स्व. पीला दाउ कंवर ग्राम ढोढातराई जिला कोरबा को सहायक ग्रेड-तीन के पद पर नियुक्त कर कार्यालय कोरबा में पदस्थ किया गया है।

### शिशु संरक्षण माह का आज से हुआ आरंभ

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी के नेतृत्व में जिले में शिशु संरक्षण माह विटामिन ए अनुपूरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 23 अगस्त तक प्रत्येक सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार दो दिवस आयोजित किया जाएगा। इस दौरान शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की गतिविधियों सफल संचालन व सेवाओं की प्रदामगी का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा।

### अंडर 14 व 16 के खिलाड़ियों का चयन जल्द, पंजीयन आरंभ

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ सीएससीएस के निर्देश पर हर जिले में ऑनलाइन पंजीयन कराया जा रहा है। इसी के कड़ी में कोरबा जिले में भी में भी अंडर-14 व अंडर 16 के लिए खिलाड़ियों चयन किया जाना है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के निर्देश पर हर जिले में ऑनलाइन पंजीयन कराया जा रहा है। इसी के तहत बिलासपुर में भी सभी वर्गो अंडर-14 व 16 के लिए खिलाड़ियों का पंजीयन शुरू हो गया है। खिलाड़ियों का पंजीयन सिंचाई कालोनी दर्री स्थित केडीसीए के जिला कार्यालय ऐ–1 में सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक किया जाएगा। इसके लिए खिलाड़ियों को अपने छह वर्ष की मूल अंकसूची, मूल जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो समेत सभी दस्तावेज की फोटो कॉपी व पंजीयन फॉर्म के साथ उपस्थित होना होगा पंजीयन शुल्क 500 रुपये है। पंजीयन के लिए सभी वर्गों का कट ऑफ डेट अलग-अलग है। अंडर-14 के लिए एक सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012 व अंडर-16 के लिए एक सितंबर 2009 से 31 अगस्त 2011 निर्धारित किया गया है। साथ ही सभी अंडर 14 का सेलेक्शन ट्रायल 20 व 21 जुलाई साथ ही अंडर 16 का सेलेक्सन ट्रायल 27 व 28 जुलाई को सेंट्रल वर्कशॉप एसईसीएल कोरबा मैदान में किया जाएगा। इस दौरान कोरबा डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी जीत सिंह के मार्ग दर्शन में चयनकर्ता अनिल प्रजापति, नरेंद्र गजभाइये उपस्थित थे।

## शहरी क्षेत्र के थाना व चौकी में 2 सौ से अधिक हो चुकी है जप्त वाहनों की संख्या

# लावारिस मिली बाइक की फेहरिस्त हुई लंबी एसपी की पहल से मालिक को मिलेंगी वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अक्सर यह देखने को मिलता है कि लावारिस मिलने वाले मोटरसाइकिल की पुलिस द्वारा जप्ती तो कर ली जाती है लेकिन उन मोटरसाइकिल को लेने के लिए गाड़ी मालिक गंभीर नहीं होते हैं। यही वजह है कि पिछले एक दशक के दौरान शहरी क्षेत्र में ऐसे लावारिस गाड़ियों की संख्या दो सौ से ज्यादा पहुंच चुकी है। थाना चौकी परिसर में खड़ी वाहन पुलिस के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने ऐसे लावारिस वाहनों को डिस्पोजल करने की दिशा पर पहल की है ताकि गाड़ी मालिक को उसकी गाड़ी मिल जाए और थाने में लोड कम हो।



कोतवाली थाने में खड़ी लावारिश मोटरसायकल।

पिछले एक दशक से शहरी क्षेत्र के कोतवाली, मानिकपुर, सीएसईबी, सिविल लाइन थाना क्षेत्र में लावारिस हालत में बरामद की गई मोटर सायकल की संख्या 200 से अधिक हो चुकी है जो थाने व चौकी के इर्द-गिर्द खड़े हुए हैं और पुलिस का टेंशन भी बढ़ा रही है क्योंकि इन वाहनों को संभाल के रखना पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है लंबे समय से ऐसे वाहनों का डिस्पोजल भी नहीं हो पाया है इसलिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने ऐसे मामलों का निपटारा करने की दिशा पर पहल की है और शहरी क्षेत्र के प्रमुख थाना व चौकी प्रभारी को ऐसी गाड़ियों की सूची बनाकर गाड़ी मालिकों की तलाश करने का निर्देश दिया है। जिससे मालिकों को उनकी गाड़ी वापस लौटाई जा सके। इसके लिए गाड़ी मालिक को अपने संपूर्ण दस्तावेज को लेकर उपस्थित होना होगा जिसके बाद पुलिस उक्त गाड़ी को मालिक के सुपुर्द कर देगी।

### जुर्माना के डर से नहीं जाते हैं गाड़ी मालिक

अक्सर देखा जाता है कि लावारिस हालत जप्त की गई या फिर किसी अन्य ऐसे ही किसी छोटे-मोटे मामले में जप्त की गई वाहनों को लेकर गाड़ी मालिक थाने जाने से ही डरते हैं क्योंकि उन्हें लगता है या तो उनके ऊपर कोई कार्रवाई हो जाएगी या फिर मोटा जुर्माना होगा। जितनी गाड़ी की कीमत नहीं है उससे ज्यादा जुर्माना देना पड़ सकता है। यह सोचकर गाड़ी मालिक थाना व चौकी जाने में संकोच करते हैं और मामला पेंडिंग में चला जाता है। ऐसे ही दर्जनों मामले होंगे यही वजह है कि ऐसी स्थिति लगातार बढ़ती जा रही है। जिला पुलिस ने फिलहाल ऐसे वाहनों की संख्या की फिर से तैयार की है जिसमें 200 से अधिक की संख्या जिसे लावारिस हालत में पुलिस ने जप्त की है अब पुलिस ऐसे लावारिस जप्त किए गए वाहनों को गाड़ी मालिक के सुपुर्द करने की दिशा पर पहल कर रही है।

## प्रभार मिलते ही एडिशनल एसपी पहुंची सड़क पर, की ताबड़तोड़ कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एडिशनल एसपी नेहा वर्मा को कमान सौंपी है। जिसके बाद शुक्रवार की शाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा अपनी टीम के साथ शहर के सड़कों पर पेट्रोलिंग करते नजर आए तो वहीं दूसरी ओर बेतरतीब वाहन पार्किंग करने वाले वाहनों को भी उठाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा पर बात कही है। उल्लेखनीय है कि जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं से जिला प्रशासन चिंतित है। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी गंभीर हैं और हादसों को कैसे विराम लगाया जाए इस दिशा पर पहल की जा रही है। अब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वर्मा को इसकी कमान सौंप दी गई है। कार्यवाही के दौरान एएसआई मनोज राठौर, तरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे वहीं दूसरी ओर बेनेडिक्ट मिंज उप पुलिस अधीक्षक को अपने वर्तमान दायित्वों के साथ साथ यातायात व्यवस्था का अतिरिक्त काम सौंपा गया है। ज्ञात हो कि कोरबा ज़िला औद्योगिक और माइनिंग क्षेत्र होने से वाहनों का दवाब अत्यधिक रहता है जिसको देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने राजपत्रित अधिकारियों को यातायात की कमान सौपी है।

## खदान प्रभावित भूविस्थापितों को जय अम्बे कंपनी देगी काम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा खदान क्षेत्र में निजी कंपनी द्वारा काम से निकाले गए 100 से अधिक भूविस्थापितों को मामले में चला आ रहा गतिरोध शुक्रवार को कुसमुंडा जीएम की उपस्थिति में भूविस्थापितों और निजी कंपनी के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में कंपनियों द्वारा निकाले गए भूविस्थापितों को शत प्रतिशत काम देने के निर्णय के बाद समाप्त हो गया।

कुसमुंडा क्षेत्र के भू विस्थापितों ने बताया कि वर्षों से कुसमुंडा खदान एवं उसके सहयोगी प्राइवेट ठेका कंपनियों में रोजगार के लिए मांग कर रहे थे, जिसमें आज पर्यंत तक उन्हें सिर्फ झुनझुना थमाया जा रहा था और विगत कुछ वर्षों से बाहरी लोगों से पैसा लेकर उनको प्राइवेट ठेका कंपनियों में कम पर रखा जा रहा था। इसी बीच कोल डिस्पैच में लगीजय अम्बे कम्पनी ने कार्य में लगे 110 कर्मचारीयों को निकाल दिया था। विगत दो-तीन दिनों से चल रहे भू विस्थापितों की हड़ताल एवं कुसमुंडा सीजीएम ऑफिस का घेराव करने से कोई नतीजा नहीं निकल रहा था। शुक्रवार की सुबह फिर से भूविस्थापितों के द्वारा अपने परिजनों के साथ एसईसीएल जीएम ऑफिस कुसमुंडा का घेराव किया गया, जिस पर कुसमुंडा जीएम राजीव सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई थी, जहां कोल डिस्पैच का कार्य कर रही जय अंबे कंपनी द्वारा भू विस्थापितों को शत प्रतिशत रोजगार देने की बात पर सहमति बनी। जिसके लिए कुसमुंडा जीएम एवं जय अंबे कंपनी का सभी भू विस्थापितों ने एक स्वर में आभार जताया।

### ट्रांसफार्मर ब्रस्र्ट, एक घंटे बाधित रही विद्युत व्यवस्था

**कोरबा।** बारिश के सीजन में भी बारिश नहीं होने से जहां किसानों की समस्या बढ़ गई है तो वहीं दूसरी ओर बारिश न होने से उमस बढ़ गई है जिसके चलते बिजली विभाग का भी टेंशन कम होने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार बिजली की डिमांड बढ़ती जा रही है। ऐसे में लोड बढ़ने की वजह से ट्रांसफॉर्मर ब्रस्ट होने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। शहरी क्षेत्र में आज एक फिर से ट्रांसफार्मर फेल हो गया जिसके चलते टीपी नगर क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था लगभग 1 घंटे तक बाधित रही। उल्लेखनीय है कि तुलसीनगर जोन के अंतर्गत आने वाले शहर के हृदयस्थल पाटीदार भवन के समीप 100 केवी का ट्रांसफार्मर ब्रस्ट हो गया। जिसकी वजह से शाम लगभग 5 बजे शहर की विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई थी। विभाग के अधिकारियों को जब इसकी सूचना मिली तो विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल शहर की विद्युत व्यवस्था को बहाल करने के लिए उक्त स्थान पर नया 100 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसके बाद शाम लगभग 6:30 बजे ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को बहाल किया जा सका।

# महिला पुलिस को बेजा कब्जा करना पड़ा महंगा घंटों ड्रामे के बाद मकान कराया गया खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत कंपनी के खाली पड़े आवास पर बिना अनुमति बेजा कब्जा करना एक महिला आरक्षक को महंगा पड़ गया। महिला पुलिस द्वारा विद्युत कंपनी के आवास का ताला तोड़कर कब्जा किया जा रहा था जिसकी सूचना मिलने पर सिविल विभाग के अधिकारी पहुंचे और इसकी शिकायत पुलिस के आला अधिकारियों से की जिसके बाद सिविल लाईन थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद विद्युत कंपनी के सिविल विभाग द्वारा आवास से सामान बाहर निकालकर महिला पुलिस के सुपुर्द कर मकान को बेजाकब्जा से मुक्त कराया।

**खास बात**

- विद्युत कंपनी के कोरबा पूर्व स्थित आवासीय कालोनी का मामला



कार्यवाही करती पुलिस की टीम व सिविल विभाग।

छग राज्य विद्युत कंपनी में कार्यरत बिजली कर्मियों व उनके परिजनों के लिए कोरबा पूर्व में आवासीय कॉलोनी का निर्माण किया गया है। इस कॉलोनी में कुछ मकान जर्जर हो चुके हैं जिन्हें डिस्मेंटल करने की प्रक्रिया जारी है। वहीं कुछ मकानों में बाहरी लोगों ने कब्जा जमा रखा है। हालात यह हो गई है कि बिजली कर्मचारियों के लिए ही आवास उपलब्ध नहीं है। जिन मकानों को विद्युत कंपनी के द्वारा कंडम घोषित किया गया है ऐसे जर्जर आवासों में रहने वाले बिजली कर्मचारियों को मकान खाली करने पर दूसरा मकान आबंटित किया जा रहा है। यही वजह है कि विद्युत कंपनी के सिविल विभाग द्वारा खाली मकानों को बिजली कर्मचारियों को दिया जा रहा है। कॉलोनी में बहुत कम मकान ऐसे हैं जो खाली पड़े हैं। कंपनी के सामने बिजली कर्मचारियों को आवास उपलब्ध कराने की समस्या बनी हुई है। ऐसे में शुक्रवार को एक महिला आरक्षक शबाना तबस्सुम कुरैशी के द्वारा आईटीआई-बुधवारी मार्ग पर पथर्रीपारा के समीप खाली पड़े आवास क्रमांक सुपर डी 118 का ताला तोड़कर कब्जा किया जा रहा था। महिला आरक्षक के द्वारा मकान में अपना सामान शिफ्ट किया जा रहा था। इसी दौरान कॉलोनी में निवासरत बिजली कर्मियों ने इसकी सूचना सिविल विभाग को दी। सूचना मिलने पर बेजाकब्जा निवारण समिति के सदस्य व सिविल विभाग के एई विनय कुमार सोनी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और महिला आरक्षक को बेजा कब्जा नहीं करने ⏭ शेष पेज 3 पर

### पुलिस होने का दिया जा रहा था धौंस

सिविल विभाग के एई विनय कुमार सोनी ने बताया कि सूचना मिली थी कि सुपर डी 118 में बेजा कब्जा किया जा रहा है। जिसके बाद कंपनी के बेजा कब्जा निवारण समिति की टीम मौके पर पहुंची। टीम द्वारा महिला आरक्षक को बेजा कब्जा नहीं करने और मकान खाली करने की समझाइश दी गई। इस दौरान महिला आरक्षक द्वारा पुलिस होने का धौंस दिया गया साथ ही कंपनी के कर्मचारियों के द्वारा सामान बाहर निकाले जाने के दौरान उनके साथ गाली गलौच करते हुए धमकी दी गई। महिला आरक्षक के द्वारा पैसा मांगने का झूठा आरोप भी लगाया गया। जिसकी जानकारी पुलिस विभाग के आला अधिकारियों को दे दी गई है।

## एचएमएस दूसरा, एटक तीसरा और इंटक को मिला चौथा स्थान

# दीपका में सदस्यता सत्यापन, बीएमएस को हासिल हुआ पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयलांचल क्षेत्र दीपका में श्रमिक संगठनों के चल रहे सत्यापन कार्य के दौरान बीएमएस को सफलता हाथ लगी है। सदस्यता सत्यापन के दौरान शुक्रवार को श्रमिक संगठन बीएमएस ने इस बार एचएमएस के कई वर्षों के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है।

**खास बात**

- गेवरा में सदस्यता सत्यापन के पहले दिन एचएमएस पहले पायदान पर



सदस्यता अभियान में शामिल बीएमएस के कार्यकर्ता।

एसईसीएल दीपका क्षेत्र में पिछले दो दिन में हुए सत्यापन कार्य के दौरान बीएमएस में सदस्यों की संख्या 414 पहुंच गई है। इस तरह दीपका में बीएमएस पहले स्थान पर है तो वहीं 408 सदस्यों के साथ एचएमएस दूसरे व 217 सदस्यों के साथ एकट तीसरे और 171 सदस्यों के साथ इंटक चौथे स्थान पर है और नोटा में 23 सदस्य आए हैं। क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से एचएमएस का ही वर्चस्व रहा है, मगर जिस तरह से इस बार बीएमएस ने बाजी मारी है, उससे संगठन में खुशी की लहर दौड़ गई है। वहीं दूसरी ओर एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में भी 19 जुलाई को सदस्यता सत्यापन हुआ। कोयला मजदूर सभा एचएमएस संगठन सदस्यता सत्यापन में पहले दिन नंबर वन पर रहा। एचएमएस संगठन पहले ही दिन 72 सदस्यों के साथ आगे रही, गेवरा क्षेत्रीय इकाई का कुल मेन पावर 403 है जिसमें से पहले दिन 242 कर्मचारियों ने अपना मतदान किया जिसमें सभी श्रमिक संगठनों में से 72 लोगों ने एचएमएस संगठन के पक्ष में वोट किया। पहले दिन के दिन के आंकड़ों पर गौर करें तो एटक 55, इंटक 54, बीएमएस 46, नोटा 15 कुल वोट 242 पड़े। कोयला मजदूर सभा एचएमएस गेवरा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की जोरदार कैंपिंग रही और गेवरा क्षेत्र इकाई के कर्मचारियों ने एचएमएस संगठन में अपना विश्वास कायम रखते हुए अपना वोट दिए हैं।

### संगठन छोड़ने की खबर गलत

एचएमएस के सचिव एससी मंसूरी ने कहा है कि सोशल मीडिया पर एचएमएस व एटक के 35 सदस्यों के संगठन को छोड़कर इंटक यूनियन में शामिल होने की खबर पूरी तरह गलत है। किसी भी सदस्य ने यूनियन छोड़कर किसी अन्य संगठन की सदस्यता ग्रहण नहीं की है। गेवरा के सभी कर्मचारियों को आगाह किया जाता है कि इस प्रकार दुष्प्रचार से दूर रहें।

### मासूम की तालाब में डूबने से हुई मौत

**कोरबा।** ग्राम कोरकोमा में खेल-खेल में एक पांच वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई। बच्चा अपने एक अन्य साथी के साथ खेलते-खेलते ग्राम तालाब के पास पहुंच गया, जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। मासूम की मौत से पूरा परिवार सहित समूचा ग्राम सदमें में है। मर्ग पंचनामा की कार्यवाही पूरी कर पुलिस ने लाश परिजनों को सौंप दी हैं। तालाब में डूबने से पांच वर्षीय मृत बच्चे का नाम आयुष्मान महंत बताया जा रहा हैं। बताया जा रहा है कि मृत बालक अपने साथी के साथ खेलते-खेलते गांव के तालाब के पास पहुंच गया। खेल-खेल में वह कब पानी में डूब गया, किसी को पता नहीं चला। साथी ने बच्चे के पिता को जानकारी दी, जब तक मृतक के पिता घटना स्थल पर पहुंचे तब तक बालक की मृत्यु हो गई थी।

## खबर संक्षेप



### पिकअप भिड़ंत में चालक की मौत

**प्रतापपुर।** चंदौरा मुख्य मार्ग पर एक पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दूसरे पिकअप वाहन को टक्कर मार फरार हो गया। दुर्घटना में गंभीर हुए पिकअप चालक की अंबिकापुर स्थित निजी अस्पताल में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर मायापुर निवासी श्रवण कुमार देवांगन आ. स्व. बसंत देवांगन (24 वर्ष) अपने पिकअप यूपी 64 टी 0887 से घर आया था। रात को पिकअप लेकर जा रहा था और जैसे ही चंदौरा मार्ग पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे अज्ञात पिकअप वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए श्रवण के पिकअप को साइड से टक्कर मारते हुए फरार हो गया। दुर्घटना में चालक श्रवण गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि साथ बैठे अरविंद नामक युवक को मामूली चोटें आई।

### सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** वाहन की टक्कर, बाइक भिड़ंत की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए तीन लोगों की मौत हो गई। एक की निजी अस्पताल में जबकि दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम सोनपुर निवासी अभिषेक राम आ. सोनसाय (18 वर्ष) 6 जुलाई को गांव के ही राजेश व अनूप के साथ रथ यात्रा में शामिल होने ग्राम भेड़िया गए थे। शाम को तीनों बाइक से आने लगे तभी भेडिया मुख्य मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से आमने सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसके साथियों को मामूली चोटें आई। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम बरगई निवासी सेवन सिंह आ. दखल सिंह (30 वर्ष) गुरुवार की शाम टमाटर लेने बाइक से दरिमा गया था। जैसे ही युवक हवाई पट्टी के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं एक अन्य घटना में बतौली थाना अंतर्गत ग्राम भटको निवासी दिलीप कुमार आ. अलबना पावले (24 वर्ष) 10 जुलाई की दोपहर 3.30 बजे ट्रैक्टर लेकर खेत जुताई करने डांड़पारा जा रहा था। इसी दौरान मुख्य मार्ग पर केचव्हील का चक्का निकल जाने से ट्रैक्टर से नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया।

### चोरों ने अलग-अलग जगह से पार की दो बाइक

**अम्बिकापुर।** शहर के अलग-अलग जगहों से चोरों ने दो बाइक को पार कर दिया। धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम रकोल भेलवापारा निवासी इस्माइल मसीह आ. इम्मानुवेल मसीह (34 वर्ष) असोल स्थित पेट्रोल पंप में काम करता है। बुधवार की रात बाइक क्रमांक सीजी 15 सीडब्ल्यू 2841 से ड्यूटी करने आया और बाइक को पेट्रोल पंप परिसर में खड़ा किया था। सुबह घर जाने के लिए बाइक लेने पहुंचा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। इसी प्रकार दूसरी घटना में उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम जामडीह निम्हा निवासी दिलबोधन सिंह आ. समय लाल (29 वर्ष) 13 जुलाई को बाइक क्रमांक सीजी 15 सीक्यू 0925 से न्यायालय आया था। युवक बाइक को न्यायालय परिसर में खड़ा कर पेशी देने चला गया। कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी।

एक बेड पर 3 मरीजों का हो रहा इलाज | लगातार बढ़ रहे केस, शुक्रवार को 33 मरीज पहुंचे | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जगह तक नहीं

# रतनपुर में नहीं संभल रहा डायरिया, स्थिति बेकाबू





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर / रतनपुर

रतनपुर में फैला डायरिया स्वास्थ्य विभाग बेकाबू हो गया है। शुक्रवार को खूंटाघाट क्षेत्र के कंदई पारा में अचानक 22 मरीजों को उल्टी दस्त की शिकायत के बाद रतनपुर लाया गया, जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में व्यवस्था चरमरा गई। हालत यह है कि एक बेड पर 3 मरीजों का इलाज करना पड़ा, वहीं कुछ मरीजों को बाहर पड़ी बेंच पर भी लिटाना पड़ गया।

रतनपुर में डायरिया के मरीजों के मिलने का सिलसिला नहीं थम रहा है। 7 जुलाई से अब तक स्वास्थ्य विभाग ने 367 मरीजों का इलाज किया है। वहीं शुक्रवार को 33 से अधिक मरीज क्षेत्र में मिले हैं, जिसमें अकेले कंदईपारा से 22 मरीज सामने आए हैं। बीते तीन दिनों के भीतर इस मोहल्ले से 50 से अधिक मरीज डायरिया के चपेट में आ चुके हैं। वहीं रतनपुर के स्वास्थ्य सुविधा की भी पोल खुलने लगी है। मरीजों को भर्ती करने के लिए बेड नहीं है, 30 बेड में 42 मरीज भर्ती किए गए हैं। वहीं मरीजों को महज ड्रिप ही लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार 12 दिनों के भीतर स्वास्थ्य विभाग ने 8 हजार 9 सौ घरों का सर्वे किया है, जिसमें 367 मरीज मिले हैं। शुक्रवार तक 33 नए मरीज सामने आए हैं, 20 मरीजों को छुट्टी दी गई है।

### निजी अस्पतालों में भी चल रहा इलाज

जानकारों के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जगह नहीं होने चलते कई मरीज निजी अस्पतालों का रूख कर रहे हैं। करीब 10 मरीज बिलासपुर और रतनपुर के अलग-अलग अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। वहीं मस्तूरी और बिल्हा में डायरिया का प्रकोप कम हुआ है, शुक्रवार को एक भी नया मरीज सामने नहीं आया है।



### बिलासपुर आने से बच रहे मरीज

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रतनपुर में व्यवस्था को देखते हुए डाक्टर लगातार रिफर करने की पहल कर रहे हैं, लेकिन आसपास के ग्रामीण शहर आकर इलाज कराने में बच रहे हैं। शुक्रवार को डॉक्टरों ने 8 मरीजों को सिम्स के लिए रिफर कर दिया था, लेकिन मरीजों ने स्वास्थ्य केन्द्र में रहकर ही इलाज करना बेहतर समझा है। वहीं बेड की कमी के चलते स्वास्थ्य विभाग शनिवार से 10 नए बेड लाने पर विचार कर रहा है।

### मेडिकल कालेज की टीम ने लिया सैंपल

सिम्स के डाक्टरों की टीम भी रतनपुर क्षेत्र का दौरा करने पहुंची। इस दौरान टीम ने प्रभावित क्षेत्र में पानी का सैंपल कलेक्ट किया है। वहीं खूंटाघाट के आसपास फैले डायरिया को देखते हुए डाक्टर हैजा की आशंका जता रहे हैं, लेकिन पूरी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्वास्थ्य विभाग कुछ कहने की स्थिति में होगा। फिलहाल बचाव और उपचार को लेकर स्वास्थ्य विभाग मुस्तैदी का दावा कर रहा है।

### अचानक बढ़े मरीज

शुक्रवार को अचानक मरीज बढ़े है, लेकिन हमने सभी का इलाज किया है। कल से 10 बेड बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। स्थिति काबू में ही है। डाक्टरों की टीम काम कर रही है।

- **डॉ प्रमोद तिवारी,** डीएचओ स्वास्थ्य विभाग

आमागोहन में भी मिला एक मरीज

# मलेरिया से मौत के बाद अधिकारी पहुंचे कोटा

कोटा क्षेत्र में मलेरिया के मरीजों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है, तीन दिन के भीतर 4 बच्चों की मौत हो चुकी है। शुक्रवार को दो सगे भाईयों की मौत की खबर आग की तरह स्वास्थ्य विभाग में फैली और डाक्टरों के साथ पूरा स्वास्थ्य अमला कारीमाटी सिलपहरी पहुंच गया। इस दौरान अमले ने प्रभावित घर और मोहल्ले में मलेरिया के मरीजों की जांच करता रहा। बताया जा रहा है कि यहां आरडी किट से जांच की गई, जिसमें मृतक की मां भी मलेरिया से संक्रमित पाई गई है, जिसे सिम्स अस्पताल भेजा गया है, इसके साथ ही बच्चे के पिता और बहन की भी जांच की गई है। कोटा क्षेत्र में मलेरिया से दो बच्चों की मौत की खबर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मिली, दोपहर को सीएमएचओ डॉ प्रभात श्रीवास्तव, डीएचओ डॉ प्रमोद तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान सर्वे की टीम पहले ही ग्रामीण की जांच कर चुका था। मृतकों की मां अनारकली की आरडी कीट में जांच के दौरान मलेरिया पॉजिटिव पाया गया, जबकि पिता रामकुमार ध्रुव और बहन आशुषी की रिपोर्ट निगेटिव मिली है। बताया जा रहा है कि जिन दो बच्चों की मौत हुई है, वे सगे भाई थे और मंगलवार की रात से उन्हें बुखार आ रहा था, मझगांव जाकर झोलाछाप डाक्टर से इलाज भी



### आरडी किट के साथ स्लाइट टेस्ट भी

सीएमएचओ डॉ प्रभात श्रीवास्तव ने बताया कि तीन साल के ब्रेक के बाद साइक्लिंग के तौर पर मलेरिया के मामले आ रहे हैं। बिलासपुर से सटे कोरबा जिले में भी मरीज मिले हैं, ऐसे में ओपीडी में आ रहे मरीजों की ट्रैवल हिस्ट्री भी ली जा रही है। साथ ही अब आरडी किट के साथ ही ब्लड स्लाइट टेस्ट भी किया जाएगा, जिससे भले ही टेस्ट की रिपोर्ट आने में थोड़ा समय लगे लेकिन मरीजों में मलेरिया के संभावित लक्षण की जांच हो सकेगी।

### बुखार आने पर करा रहे झाड़फूंक

ग्रामीणों ने बताया कि मलेरिया पाजिटिव होने के बाद भी परिवार के सदस्य बच्चों का इलाज झोलाछाप डाक्टरों से करा रहे थे, इसके साथ ही परिवार द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए झाड़फूंक भी किया जा रहा था, मंगलवार को मलेरिया पाजिटिव पाए जाने के बाद बच्चों को स्वास्थ्य सुविधा मिलती तो उनकी जान बच सकती थी।


# रजाई गद्दे की दुकान में लगी आग, पूरा समान जलकर खाक

## सात लाख रुपए का नुकसान का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पामगढ़ पोस्ट ऑफिस के पास स्थित एक रजाई गद्दे की दुकान में शुक्रवार की सुबह 7:30 बजे के आसपास भयानक आग लग गई। आग लगने से दुकान का सामान जलकर पूरा खाक हो गया। बताया जाता है कि दुकान में जब आग लगी उस दौरान घर में तीन बच्चे और पति-पत्नी मौजूद थे। घटना में किसी तरह प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। दुकान संचालक के अनुसार 7 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

दरअसल पामगढ़ पोस्ट ऑफिस के पास बिहार के दरभंगा जिले से आए दो भाइयों ने यहां पर जयपुरी सोफा रिपेयरिंग की दुकान का संचालन करते हैं। दुकान के संचालक मोहम्मद वकीफ ने बताया कि शुक्रवार 19 जुलाई की सुबह 7:30 के आसपास वह रुई धुनाई के लिए अपनी मशीन चालू कर रहा था इसी दौरान डीजल मशीन से चिंगारी



दुकान में लगी आग।

उठी। इस समय घर में पति-पत्नी के अलावा उनके छोटे-छोटे तीन बच्चे भी थे। रूई में लगी आग को सभी ने बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग बढ़ती चली गई।

मदद के लिए उसने आसपास के लोगों को आवाज लगाई लेकिन सड़क पर उस समय कोई व्यक्ति नहीं था। धीरे-धीरे आग विकराल रूप लेती चली गई। किसी तरह सभी बच्चों को दुकान से बाहर निकाला और सुरक्षित स्थान पर भेज दिया। दुकान में लगभग 7 लाख का सामान जलकर खाक हो गया। इस आगजनी में नगद 20 हजार रुपए और 20-20 हजार रुपए के 2 मोबाइल भी आग में जल गए। आग इतनी भयानक थी कि उससे निकलने वाला धुआं आसपास 10 किलोमीटर तक दिखाई दे रहा था। बाद में लोगों की भीड़ सड़क पर उमड़ आई। रजाई गद्दे की दुकान के बगल में ही एक पानी पाईप और पम्प की दुकान है। आग की लपटे उनकी दुकान में पहुंचनी शुरू हो गई थी।

# खाना नहीं देने से नाराज युवक ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

**राजपुर।** खाना देने से मना करने और दरवाजा बंद करने से नाराज पति ने पत्नी की टांगी मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने खुद ही थाने में पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। फिलहाल इस मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम बगाड़ी महुआरीपारा निवासी 42 वर्षीय सुरेश गिरी आ. सोहन गिरी पत्नी 40 वर्षीया सोनवा गिरी के साथ रहता था। गुरुवार की रात ग्रामीण शराब के नशे में धुत्त होकर घर लौटा और पत्नी से खाना मांगा। इस दौरान पत्नी ने खाना देने से मना करते हुए घर का दरवाजा बंद कर दिया। पुलिस के अनुसार घर का दरवाजा बंद करने और खाना नहीं देने से नाराज युवक घर के छानी को हटाकर अंदर प्रवेश किया और पत्नी सोनवा गिरी के पेट पर टांगी से हमला कर दिया जिससे महिला जमीन पर गिर गई इसके बाद आरोपी ने महिला के गर्दन पर वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। आज सुबह घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लाश को पीएम के लिए भेजा। इधर सुबह 11 बजे आरोपी सुरेश गिरी ने स्वयं थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है और युवक से पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी पति को हिरासत में लिया गया है और घटना की जांच जारी है। जांच के बाद वस्तु स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



# चोरका कछार में प्लाटिंग के नाम पर सागौन पेड़ों की कटाई, कलेक्टर से शिकायत



रजवार पारा में प्लाटिंग के दौरान काटे गए पेड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के चोरका कछार रजवार पारा में प्लाटिंग के दौरान अवैध रूप से सागौन पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया है। भूमि स्वामी द्वारा अवैध प्लाटिंग करने और पेड़ों की कटाई करने को लेकर कलेक्टर व डीएफओ को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं अब इस मामले को लेकर युवक कांग्रेस ने भी कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की मांग की है।

शिकायतकर्ता महात्मा गांधी वार्ड के चोरकाकछार निवासी लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने ज्ञापन में बताया है कि खसरा नंबर 4918 पर स्थित सोहन राजवाड़े की भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है। अवैध प्लाटिंग के दौरान जमीन समतलीकरण के नाम पर लक्ष्मी राजवाड़े और आस पास के भूमि स्वामियों के खेत की मेढ़ पर लगे सागौन और इमली के आधा दर्जन से अधिक पेड़ों को काटकर गिरा दिया गया। जब भूमि स्वामियों ने उसका विरोध किया तो उसने भूमिस्वामियों को धमकाकर भगा दिया।

ऐसे में अब भूमि स्वामियों ने मामले की शिकायत कलेक्टर व डीएफओ से की है। वहीं अवैध प्लाटिंग व पेड़ों की कटाई का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। इस घटना को लेकर युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विकल झा ने कहा है कि वार्ड को अवैध प्लाटिंग और बेतरतीब विकास का अड्डा बनने नहीं दिया जाएगा। राजनीतिक दबाव में यदि कार्रवाई नहीं हुई तो युवक कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।

# काम दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** काम दिलाने के नाम पर लाखो रुपए लेकर धोखाधड़ी करने वाली महिला आरोपी को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी रामनरेश कश्यप द्वारा लिखित आवेदन देकर अपने साथ 1 लाख 74 हजार रुपए की धोखाधड़ी होने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई। ज्योति देवांगन ने प्रार्थी को झांसे में लिया और 1 लाख 74 हजार रुपए अपने खाता में ट्रांफसर करवा लिए। प्रार्थी द्वारा अपना रकम मांगने पर उसे भी वापस नहीं दे रही है। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना चांपा में धारा 420 भादवि का विवेचना में लिया गया। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा चुका है।

# 149 अवैध नशीली दवाई के साथ आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अवैध रूप से 149 नग नशीली दवाई के साथ आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के देवरी मोड़ का है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 18 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति मोटरसायकल होन्डा साइन क्रमांक सी.जी. 12 बी.ई. 9171 में अवैध



जब्त नशीली दवाईयों के साथ गिरफ्तार आरोपी।

मादक पदार्थ, नशीली दवा लेकर शिवरीनारायण की ओर आ रहा है कि सूचना पर पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में आरोपी को पकड़ने के लिए देवरीमोड शिवरीनारायण में पहुंच कर घेराबंदी किया जाकर एएसपी राजेन्द्र कुमार जायसवाल के मार्ग दर्शन में आरोपी सरजू सागर निवासी बदराठाकुर थाना पथरिया जिला मुंगेली को पकड़ा। जिसके कब्जे से मादक पदार्थ नशीली इंजेक्शन जुमला कीमती 7450 रुपए तथा परिवहन में उपयोग किये होन्डा साईन मो.सा. को बरामद किया जाकर आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबुत पायें जाने से धारा 21 एन. डी. पी. एस. एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक सागर पाठक थाना प्रभारी शिवरीनारायण सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक पारस पटेल, साइबर सेल से सउनि विवेक कुमार सिंह, रामप्रसाद बघेल प्रआर मनोज तिग्गा आरक्षक आरक्षक रोहित कहरा, सहबाज अहमद, अर्जुन यादव, प्रदीप दुबे थाना शिवरीनारायण से सउनि प्रमोद महार, आरक्षक महेंद्र राज, श्रीकांत सिंह, द्वारीका साहू, लीलाराम साहू, तेरस साहू का सराहनीय योगदान रहा।

## परियोजना अधिकारी एकीकृत को 1 माह का मानदेय रोकने के निर्देश

# कार्यक्रम अधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्र का लिया जायजा, कम मिले बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना अकलतरा अंतर्गत सेक्टर कटघरी में आंगनबाड़ी केन्द्र औरापारा परसाहीनाला एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पोड़ीदल्हा का निरीक्षण किया गया। उक्त संबंध में परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना अकलतरा को उक्त कार्यकर्ता का कार्य में सुधार होने तक 1 माह का मानदेय रोके जाने हेतु निर्देश दिया गया है।

गौरतलब है कि जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि निरीक्षण दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र औरापारा परसाहीनाला में 19 बच्चे दर्ज है। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी में 17 बच्चों की उपस्थिति दर्ज पाई गई। जिसमें से केन्द्र में कुल 5 बच्चे ही उपस्थित पाए गए। आंगनबाड़ी केन्द्र में 2 मध्यम कुपोषित व 2 गंभीर कुपोषित बच्चे दर्ज है। केंद्र में निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई का अभाव, अनौपचारिक शिक्षा का अभाव पाया गया एवं आज दिनांक को समुदाय आधारित गतिविधि सुपोषण चौपाल का आयोजन किया जाना था किन्तु आयोजन नहीं किया गया है। कार्यकर्ता द्वारा केन्द्र संचालन का कार्य सही ढंग से नही किया जा रहा है, तथा इनका कार्य संतुष्टि पूर्ण नहीं है। उक्त संबंध में परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना अकलतरा को उक्त कार्यकर्ता का कार्य में सुधार होने तक 1 माह का मानदेय रोके जाने हेतु निर्देश दिया गया है।



आंगनबाड़ी केन्द्र का जायजा लेने पहुंची जिला कार्यक्रम अधिकारी।

# नाबालिग से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



नबालिक बालिका को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला जांजगीर थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता का आरोपी अजय यादव से जान पहचान होने से आरोपी एवं पीड़िता एक दुसरे से मोबाईल से बातचीत करने लगे। इसी दौरान आरोपी द्वारा पीड़िता को शादी करने की बात कहकर उसके साथ दैहिक शोषण किया। पीड़िता शादी करने के लिये कहा तो आरोपी द्वारा मना किया। पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना जांजगीर में धारा 376 (2) (एन) भा.द.वि. 6 पास्को एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। नाबालिक बालिका पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर से टीम गठित की गई। इसी क्रम में एएसपी पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में आरोपी को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर घटना घटित करना स्वीकार करने एवं आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबुत पायें जाने से गिरफ्तार कर 19 जुलाई को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## खबर संक्षेप



### रामपुर में शाला प्रबंधन समिति की बैठक


**कोरबा।** वार्ड क्रमांक 33 रामपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्ल्यूडी रामपुर में शाला प्रबंधन की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। जिसमें स्कूल के प्रधानपाठक एवं शिक्षक सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव शर्मा, सदस्य तुलसी सूर्यवंशी, हेमलता यादव, श्रीमती कश्यप, ममता यादव, संरक्षक शिव चंदेल, पार्षद अजय गौड़, श्री तिवारी, श्री विश्कर्मा, सुमन सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सदस्यों का टीका लगाकर स्वागत किया गया एवं पुष्प कुछ से स्वागत किया गया।

### दो वाहनों में चोरी और तोड़फोड़ पुलिस से शिकायत

**कोरबा।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र में चोरी की एक घटना सामने आई है। घंटाघर स्थित सियान सदन के पास मौजूद एक वाहन की बैटरी चोरी कर ली गई वहीं दूसरे वाहन का टायर निकाल लिया गया है। इतना ही नहीं चोरों ने दोनों गाड़ियों में तोड़फोड़ भी की है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध कायम कर पुलिस ने जांच शुरु कर दी गई है।

## निधन

### डॉ.जयपाल सिंह



**कोरबा।** समाजसेवी और राजनीतिज्ञ डॉ.जयपाल सिंह 70 का निधन हो गया। डॉक्टर सिंह ने जिले के एक निजी चिकित्सालय में देर रात अंतिम सांस ली।लगभग तीन माह पूर्व ही उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि सिंह का भी हृदयाघात से निधन हो गया था। वे अपने पीछे दो पुत्री और एक पुत्र सहित भरा पूरा परिवार शोकसंतप्त छोड़ गए हैं। उनके पुत्र पुणे में अध्ययन कर रहे हैं, जहां से वह कोरबा के लिए रवाना हो रहे हैं, उनके आने के पश्चात डॉ.जयपाल सिंह का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### टूरिज्म को बढ़ावा...

देने के लिए यह प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिले में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सतरेंगा को सबसे पहले विकसित किया गया है। जिसमें कॉटेज का निर्माण करने के साथ वुड हाउस का निर्माण किया गया है। सतरेंगा को डेवलप कर निजी कंपनी को इसके संचालन का जिम्मा दिया गया है। अब इसमें आम ग्रामीणों की भागदीदारी बढ़ाने के लिए ग्रामीणों को उनके ही गांव में घर बनाने के लिए वित्तीय सहायता देने पर विचार चल रहा है, जो ग्रामीण होम स्टे योजना में शामिल होंगे उन्हें प्रशासन के नियम शर्तों के तहत काम करना होगा।

### महिला पुलिस को...

की हिदायत दी। इस पर महिला आरक्षक और उसकी बहन एई विनय कुमार सोनी से ही अभद्रतापूर्वक व्यवहार करने लगी। इस दौरान घंटों तक माहौल गरमाया रहा है और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिसके बाद सिविल विभाग के एई विनय कुमार सोनी ने इसकी शिकायत एडिशनल एसपी यूबी एस चौहान से की। जिसके बाद एडिशन एसपी के निर्देश पर सिविल लाईन रामपुर के उप निरीक्षक सुमनलाल पोया, सउनि राजेश तिवारी एवं ललित जायसवाल सहित महिला आरक्षक रजनी कंवर, अन्य पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद बेजा कब्जा कर रही महिला आरक्षक को समझाइश के बाद बेजाकब्जा निवारण समिति की टीम द्वारा मकान से सामान बाहर निकालकर आवास को बेजाकब्जा मुक्त कराया गया।

---

मांग के अनुसार समितियों में नहीं पहुंच पा रही यूरिया

# डीएपी खाद के बाद अब किसानों से सामने यूरिया का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते एक पखवाड़े पूर्व नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम से लेकर सहाकारिता विभाग की समितियों में डीएपी खाद का संकट बना हुआ था। उक्त संकट को दूर हुए कुछ दिन ही बीते हैं और अब किसानों के सामने यूरिया खाद का संकट शुरू हो गया है। नान के गोदाम को लेकर समितियों तक यूरिया का भंडारण खत्म होने के बाद किसानों को समितियों से बैरंग लौटना पड़ रहा है।

बारिश के थमने से खेतों में पानी की मांग बढ़ने लगी है। बीते एक सप्ताह से लगातार बारिश नहीं होने के कारण किसानों के सामने पहले ही पानी को लेकर चिंता खड़ी हो गई थी। ऐसे में खाद को लेकर भी उनके सामने एक बड़ा संकट व्याप्त हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस समय सभी समितियों में यूरिया खाद का संकट बना हुआ है। सहकारी समितियों में लक्ष्य के अनुरूप खाद का भंडारण किया जाता है और उसके बाद किसान अपनी मांग के अनुसार उठाव शुरू करते हैं। वर्तमान में जो स्थिति सामने आई है उसके अनुसार समितियों में खपत की जाने वाली खाद का भंडारण नहीं होने के कारण जितनी मात्रा में खाद समितियों में मौजूद थी उसका उठाव किए जाने के बाद अब समितियों के गोदाम खाली हो गए हैं। शहर से 20 किलोमीटर दूर कोरकोमा सहकारी समितियों समिति आज किसान वापस लौटते नजर आए। उनकी मानें तो पिछले 10 दिन से वह खाद के लिए चक्कर काट रहे हैं, किंतु खाद को लेकर विशेष आश्वासन नहीं दिया जा रहा है कि खाद कब तक उपलब्ध होगी।



खाद लेने पहुंचे ग्रामीण।

### रेक प्वाइंट के बाद भी संकट

एफसीआई का रेक प्वाइंट उरगा रेलवे स्टेशन में होने के बाद भी खाद का संकट आखिर कैसे खड़ा हो गया यह सवाल खड़ा हो गया है। पूर्व में रेक प्वाइंट जांजगीर चांपा में होने के कारण समितियों को खाद की आपूर्ति जांजगीर चांपा से होती थी और अब चूंकि रेक प्वाइंट उरगा रेलवे स्टेशन में है और सीधे खाद रेक प्वाइंट में उतरकर नान के गोदाम में भंडारित की जाती है और वहां से डिमांड के अनुसार समितियों को भेजा जाता है। उसके बावदूज नान के गोदाम में भी खाद की पर्याप्त मात्रा में भंडारण नहीं हो पा रहा है। इसके पीछे बार बार रेल यातायात बाधित होने का कारण बताया गया है।

### गोदाम नहीं इसलिए भंडारण में संकट

सहकारी समितियों में केवल 27 पुरानी समितियों के पास गोदाम है। शेष 14 नई समितियों में गोदाम नहीं होने के कारण खाद का भंडारण नहीं हो पाता है और इन नई समितियों के अधीन आने वाले किसाना को खाद के लिए उनके पूर्व की समितियों के पास ही जाना पड़ता है। ऐसे में नई समितियों के किसानों को खाद के मिलने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

---

# कलेक्टर ने पोड़ी-उपरोड़ा में आंगनबाड़ी केंद्र और विद्यालय का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने शुक्रवार को पोड़ी उपरोड़ा जनपद पंचायत के विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करके, उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही ग्राम मोरगा में निर्माणाधीन शाला भवन को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने गुरसिया में आत्मानंद स्कूल में सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने आत्मानंद शाला में निर्माण कार्यों का निरीक्षण करके कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत मोरगा में नवीन स्वीकृत प्राथमिक विद्यालय भवन निर्माण व माध्यमिक विद्यालय भवन निर्माण का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने शाला भवन निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खण्ड शिक्षा अधिकारी पोड़ी-उपरोड़ा को निर्देशित किया कि पोड़ी-उपरोड़ा क्षेत्र के सभी स्कूलों में भोजन मेन्यू में नाश्ता वितरण की जानकारी अंकित कराएं। इसके साथ ही मीड-डे मील में बच्चों को हरी सब्जी अवश्य खिलाएं। उन्होंने बीईओ को यह भी निर्देशित किया कि प्राथमिक शाला में कम से कम दो, माध्यमिक शालाओं में अनिवार्य रूप से तीन शिक्षक की व्यवस्था अवश्य सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र मोरगा का भी निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए आंगनबाड़ी स्टॉफ को निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरगा में उपलब्ध सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। उन्होंने यहां सोलर प्लांट को चालू करने क्रेडा को निर्देशित किया तथा मोरगा स्वास्थ्य केंद्र के लिए नियमित रूप से एक एंबुलेंस उपलब्ध कराने के संबंध में निर्देश सीएमएचओ को दिए।

---

# बालको सीईओ टॉउनहॉल में सुरक्षा संस्कृति पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने सीईओ टाउनहॉल आयोजित किया। वरिष्ठ प्रबंधन की उपस्थिति पर कंपनी के रणनीति कार्यों पर चर्चा की गई जिसमें कंपनी के उत्कृष्ट उत्पादन के साथ कार्यस्थल को सुरक्षित बनाना शामिल था। सीईओ ने मजबूत सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 3 सौ से अधिक शॉपफ्लोर, सेफ्टी और संगठन के विभिन्न अन्य विभागों के कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों को एकजुटता के साथ सुरक्षा प्रथम दृष्टिकोण के पालन के लिए प्रोत्साहित किया। सीईओ ने कहा कि हमने समुदाय में सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा दिया है।

**खास बात**

- 3 सौ से अधिक कर्मचारियों को सुरक्षा पालन के लिए किया गया प्रोत्साहित



बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि कर्मचारियों और परिसंपत्तियों की सुरक्षा बालको के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रचालन के विभिन्न स्तरों पर स्मार्ट तकनीकों के अपनाए जाने से उत्पादकता में बढ़ोत्तरी तो होने के साथ सुरक्षा संस्कृति को भी बढ़ावा मिला है। कंपनी अपने ज़ीरो हार्म दृष्टिकोण के अनुरूप सुरक्षा प्रथम नीति को प्राथमिकता देता है जो कंपनी की कार्य संस्कृति में शामिल है। सीईओ ने कहा कि सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सिर्फ नियमों का पालन करना नहीं है बल्कि यह हमारे कार्य करने के तरीके में समाहित है। बालको एक औद्योगिक संगठन के रूप में समुदाय की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता दिया है। कंपनी ने अपने मासिक सुरक्षा कार्यक्रम सुरक्षा संकल्प के जुलाई माह की थीम, मानसून में सुरक्षित ड्राइविंग-फिसलन, ट्रिप से बचाव ने मौसम की वजह से आने वाली चुनौतियों के लिए सभी को संबोधित किया। कंपनी का उद्देश्य सभी कर्मचारियों के साथ समुदाय के बीच सुरक्षा जागरूकता को अधिकतम करना है। कंपनी नियम तथा सभी दिशा निर्देशों का पालन कर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल बनाए रखने के महत्वपूर्ण महत्व पर जोर देना है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बालको युवाओं के अंदर सुरक्षा संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वाहनों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने 6 किमी तक थर्मोप्लास्टिक मार्किंग सहित विभिन्न मार्गों पर 12 स्पीड ब्रेकर, कई जेब्रा क्रॉसिंग और 40 रेट्रो-रिफ्लेक्टिव साइनबोर्ड तैनात किया है।

---

# विधानसभा घेरने जिले से बड़ी संख्या में कूच करेंगे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले से ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता घेराव कार्यक्रम में शामिल हों। घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने जिले के विधायक, पूर्व विधायक, जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, सेवादल, पार्षदगण सहित मोर्चा, प्रकोष्ठ एवं विभाग के पदाधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारी दी गई है।

उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक को संबोधित करते हुए कही। उल्लेखनीय है कि राज्य में बिजली बिल में बढ़ोत्तरी, अघोषित बिजली कटौती, लचर कानून व्यवस्था, अपहरण, लुटपाट, हत्या एवं आगजनी आदि के विरोध में कांग्रेस ने 24 जुलाई को दोपहर 1 बजे विधानसभा घेराव करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि जिले के सभी चारों विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक स्तर पर बैठक आयोजित कर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को 24 जुलाई को घेराव स्थल राजधानी रायपुर के मंडी गेट पंडरी तक दोपहर 12 तक ले जाना सुनिश्चित कर जिला कांग्रेस कार्यालय को सूचित करना है। बैठक में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, मोहित केरकेट्टा, कार्यक्रम प्रभारी मनोज गुप्ता, महापौर राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्याम सुंदर सोनी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, श्रीमती सपना चौहान, सांसद प्रतिनिधि हरिश परसाई, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, राजेन्द्र तिवारी, दुष्यंत शर्मा, यशवंत लाल, गोरेलाल यादव, राजीव लखनपाल, हरकुंवर बिंझवार, दिलीप सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, सेवादल प्रमुख प्रदीप पुरायणे, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष गजानंद साहू, राजेश मानिकपुरी, जनपद अध्यक्ष सुनीता कंवर करतला, लता कंवर कटघोरा, विशेषरूप से उपस्थित थे।



कांग्रेसियों की बैठक लेते नेता प्रतिपक्ष।

---

# एनटीपीसी कोरबा ने जेंडर सेंसिटाइजेशन वर्कशॉप के माध्यम से कर्मचारियों को सशक्त बनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा। एनटीपीसी कोरबा ने हाल ही में जेंडर सेंसिटाइजेशन और प्रीवेंशन ऑफ सेक्सुअल हरासमेंट (पोश) अधिनियम पर एक व्यापक दो-दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्कशॉप को 15 और 19 मार्च को भारतीय प्रबंधन परामर्शक डॉ. बी गणेश द्वारा भार्गव मैनेजमेंट कंसल्टेंट्स से संचालित किया गया था।

130 से अधिक उत्साही कर्मचारियों के सक्रिय भागीदारी के साथ, इस वर्कशॉप का उद्देश्य आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) और पोश अधिनियम की प्रावधानों और सिद्धांतों की गहरी समझ विकसित करना था। रोमांचक सत्रों के माध्यम से, प्रतिभागी ने कार्यस्थल में एक अधिक सुरक्षित और सम्मानपूर्ण वातावरण को बढ़ाने में अनमोल अवधारणाओं को प्राप्त किया। यह पहल एनटीपीसी कोरबा के प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो कार्यस्थल आचरण और कानूनी अनुपालन में उत्कृष्ट मानकों को बनाए रखने की है। संगठन विकास और जेंडर सेंसिटाइजेशन में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध डॉ. बी. गणेश ने इस वर्कशॉप की अध्यक्षता की, जिसमें नागरिकता अधिनियम के विधियों को समझाने के साथ-साथ साझेदारी और सम्मान की संस्कृति को बढ़ाने के लिए खुली बहस और विचार को प्रोत्साहित किया। प्रतिभागी ने गहराई से बहस की, अपने अनुभव और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करके कार्यस्थल में जेंडर संबंधी मुद्दों के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता में सुधार किया। इस पहल को संगठनात्मक ढांचे के भीतर समावेशितता और जवाबदेही को बढ़ाने के लिए समय और प्रोधानात्मक पहल के लिए सराहा गया है। एनटीपीसी कोरबा अपने प्रत्येक कर्मचारी को एक ऐसे कार्यालयी वातावरण को पोषित करने के लिए प्रतिबद्ध रहता है जहां प्रत्येक कर्मचारी को सम्मानित, मूल्यांकित और सुरक्षित महसूस हो। ऐसी पहलें संस्थान के निरंतर अध्ययन और विकास के लिए इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो समानता और न्याय को सर्वोपरि करने वाली कार्यालय संस्कृति सुनिश्चित करती है।



### केरवाद्वारी पहुंचा दंतैल मचाया उत्पात

**कोरबा।** झुण्ड से बिछडक़र एक दंतैल हाथी रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया के गांव केरवाद्वारी पहुंच गया है। गुरुवार की रात अचानक धमके दंतैल ने यहां पहुंचते ही उत्पात मचाना शुरू कर दिया। दंतैल ने उत्पात मचाते हुए तीन ग्रामीणों के बाड़ी में लगे केला व आम व अन्य पौधों को तहस नहस कर दिया। दंतैल के केरवाद्वारी पहुंचने और उत्पात मचाए जाने कि सूचना मिलने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर दंतैल की निगरानी शुरू कर दिया है। वहीं आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सर्तक किया जा रहा रहा है। ज्ञात रहे कि कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में 30 की संख्या में हाथी कुदमुरा गांव के आसपास तीन झुंडों में बंटकर मंडरा रहे हैं। जिसमें से एक झुंड में 24, दूसरे में 5 व 2 अन्य हाथी तीसरे झुण्ड में शामिल हैं। हाथियों का लोकेशन कुदमुरा परिसर के आसपास बना हुआ है। हाथियों के अलग अलग झुंडों में बटकर विचरण करने से ग्रामीणों को खतरा बढ़ गया है। उधर कटघोरा वनमंडल के केंदई व जटगा रेंज में बड़ी संख्या में हाथियो की मौजूदगी बनी हुई है।

## कोरबा मार्केट







---

हर घर जल क्रियान्वयन के लिए आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला

# जल वाहिनियों को पानी की गुणवत्ता जांचने दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल क्रियान्वयन हेतु 31 गांवों का 1 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यशाला में 31 ग्रामों के सरपंच/सचिवों को हर घर जल उपलब्ध कराने के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा ने हर घर जल के क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायतों को बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए।

इस कार्यशाला में प्रतिभागी को जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की गुणवत्ता के शुद्ध पेयजल, वितरण प्रणाली के संधारण व संचालन में ग्राम पंचायतों की भूमिका की विस्तृत जानकारी दी गई। परिचर्चा में ग्राम जल स्वच्छता समिति के कार्य व जिम्मेदारियों का बताया गया। ग्राम व पंचायत स्तर पर जल वाहिनियों के द्वारा एफटीके कीट के माध्यम से पानी गुणवत्ता की जांच किस तरह की जानी है का व्यवहारिक प्रदर्शन कर बताया गया, जिससे लोगों को सुचारू रूप से शुद्ध पेयजल मिलता रहे। कार्यशाला में ग्राम पंचायतों को नल जल योजना के संचालन-संधारण, जल कर आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इससे योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन इन पंचायतों द्वारा किया जा सकेगा। कार्यशाला में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता अनिल कुमार बच्चन, सहायक अभियंता बीपी चतुर्विदानी, सब इंजीनियर जीएस कंवर व अभिषेक विश्वकर्मा, केमिस्ट सुश्री अर्पणा झा एवं रोबिन एक्का ट्रेनर गोविंद निषाद, परियोजना समन्वयक जितेन्द्र राजपूत, लव सिंह राजपूत, विपिन कुजूर, पंप ऑपरेटर्स आदि उपस्थित थे।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल अधिकारी कर्मचारी।

---

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**


रा.प्र.क. 202407050700016
अ-27/2023-24
ग्राम महेशपुर प.ह.नं. 10
तहसील कटघोरा

एतद् द्वारा द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंजू नागवानी पति मोहनलाल नागवानी निवासी कटघोरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम महेशपुर प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. व तहसील कटघोरा स्थित भूमि स्वामी हक की सामिलात खाते की भूमि ख.नं. 109/5 रकबा 0.182 हे. भूमि का सहखातेदार लोकेश कुमार नागवानी पिता मोहनलाल नागवानी निवासी कटघोरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) के मध्य 1/2 हिस्से में खाता विभाजन किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ भू-राजस्व सहिंता 1959 की धारा 178 के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 22/07/2024 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 09/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान :- कटघोरा, दिनांक :- 09/07/2024

**तहसीलदार**
**कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप



### एसईसीएल के सीएमडी ने गेवरा खदान का किया निरीक्षण

**कोरबा।** एसईसीएल के सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा, गेवरा के दुनिया की सबसे बड़ी खदान बनने पर शुक्रवार को गेवरा प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान सीएमडी डॉ श्री मिश्रा ने गेवरा खदान पहुंचकर टीम को बधाई दी और खनिकों का हौसला बढ़ाया। दौरे के दौरान सीएमडी डॉ मिश्रा ने खदान में मानसून के बीच चल रहीं खनन गतिविधियों का भी जायजा लिया और मानसून से जुड़े तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान एरिया कोर टीम सीएमडी डॉ श्री मिश्रा के साथ रही।

### मारवाड़ी महिला संघ बालको ने किया पौधरोपण



**कोरबा।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन बालको शाखा की महिलाओं ने ग्राम केशलपुर गांव के एक सरकारी स्कूल के बाउंड्री के चारों तरफ फलदार एवं छायादार पौधो का रोपण किया गया और पौधों का देखभाल का बीड़ा भी उठाया। इस अभियान में प्रांतीय अंचल प्रमुख श्रीमती मंजू अग्रवाल, शाखा की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती ललिता अग्रवाल, शाखा के वरिष्ठ सदस्य श्रीमती प्रेमलता डालमिया एवं श्रीमती निशा अग्रवाल उपस्थित रहें। स्कूल की अध्यापिका श्रीमती रीता यादव और स्कूल के स्टॉप की उपस्थिति में बच्चों के साथ शाखा के सदस्यों का स्वागत कर पौधरोपण किया।

### शासकीय प्राथमिक शाला बोईदा में किया गया पौधरोपण



**कोरबा।** शासकीय प्राथमिक शाला बालक बोईदा कन्या शाला में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सरपंच प्रतिनिधि मनोज जगत ने किया वृक्षारोपण। इस अवसर पर माध्यमिक शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष लंबोदर कंवर, यमुना खांडे, शुशीला कुम्भकार, सीएसी होरीलाल पाटले, प्रधान पाठक कृष्णा लाल कश्यप, प्रभारी प्रधान पाठक उषा बर्मन, सहायक शिक्षक गणेश कुमार मिरेन्द्र, सत्यप्रकाश खाण्डेकर, गनपत ध्रुव, ज्योतिष तिवारी, शान्तिलाल पटेल, गौरी गेंदले, अनिल कुमार यादव, हरीश चौबे, बिरेंद्र पटेल, सावित्री ओग्रे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### वीर शहीदों की पुण्य स्मृति में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण

**पाली।** बीजापुर के तर्रेम थाना इलाके के मंडिमरका के जंगल में सर्चिंग से लौट रहे जवानों के ऊपर नक्सलियों ने घात लगाकर पाइप बम के माध्यम से आईईडी ब्लास्ट किया। इस घटना में एसटीएफ के प्रधान आरक्षक भरत लाल साहू और आरक्षक सतेर सिंह शहीद हो गए, जिससे प्रदेश में शोक व्याप्त है। इस शोक भरे माहौल में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने अपने जन्मदिवस पर किसी भी प्रकार से उत्सव न मनाने का निर्णय लिया है और वीर शहीदों के पुण्य स्मृति में पौधरोपण करने का आह्वान किया है। इसी तारतम्य में समर्थकों ने मुनगाडीह स्थित आदिवासी विकास विभाग के प्री मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास परिसर में छात्रों के साथ पौधरोपण किया। इस अवसर पर भाजयुमो प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी एवं सक्ति जिला सह प्रभारी विभूति कश्यप (विभु), भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य प्रियेश जायसवाल, छात्रावास के कर्मचारी सहित छात्र उपस्थित रहें।

# नदियों के बढ़ते जलस्तर को मापने रेलवे ने लगाया वाटर लेवल मॉनीटरिंग सिस्टम

**कंट्रोल से जुड़ा यह सिस्टम लगातार जलस्तर का रियल टाइम दे रहा सूचना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत स्थित महत्वपूर्ण रेलवे पुलों पर नदियों का जलस्तर मापने के लिए मीटर गेज के स्थान पर नई तकनीक वाटर लेवल मॉनीटरिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा है। संसर युक्त इस नए उपकरण से जलस्तर की पूरी जानकारी त्वरित मिल रही है।

नदी में जल का स्तर अचानक बढ़ाने की स्थिति में इस सिस्टम से जुड़े अधिकारियों के मोबाइल पर तुरंत अलर्ट मैसेज भी आयेगा, जिससे समय रहते संरक्षित रेल परिचालन को भी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत 12 महत्वपूर्ण रेलवे पुलों पर यह तकनीक स्थापित किया गया है। पहले पारंपरिक गेज पद्धति से नदियों का जलस्तर पता किया जाता था। इसमें त्वरित सूचनाएं नहीं मिल पाती थीं। वाटर लेवल रीडिंग में भी त्रुटि की संभावना होती थी। रेलवे ट्रैक और पुल पर खतरे का आकलन मुश्किल भरा होता था। कई बार बाढ़ का पानी ट्रैक पर भी आ जाता था, लेकिन इस आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से नदियो पर जल के स्तर की निगरानी आसान हो रही है। नदियों के जलस्तर को मापने की पारंपरिक गेज पद्धति के स्थान पर आधुनिक वाटर लेवल मॉनीटरिंग सिस्टम लगाया गया है।

संसर युक्त यह सिस्टम ट्रैक मैनेजमेंट सिस्टम से जुड़ा होता है। इसमें एक चिप लगा रहता है। उसमें पुल से संबद्ध सहायक मंडल इंजीनियर, कार्य निरीक्षक और रेल पथ निरीक्षक आदि के मोबाइल नंबर दर्ज रहते हैं। पुल पर जलस्तर बताने वाले स्केल को संसर सिस्टम रीड करता रहता है। जब जलस्तर खतरे के निशान से बढ़ता या घटता है तो यह मशीन स्वतः संबंधित इंजीनियरों व अधिकारियों को एसएमएस भेजता है। रेलवे मंडल बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत कोरबा एवं गेवरा रोड स्टेशन के मध्य नदी पर रेलवे पुल क्रमांक 63 डीएन में यह सिस्टम लगाया गया है, जिससे नदी में बाढ़ के समय बढ़ते जलस्तर का पता चल सकेगा।

**खास बातें**

- संसर युक्त नए उपकरण से रेलवे को मिलेगी जलस्तर की पूरी जानकारी
- मोबाइल पर तुरंत अलर्ट मैसेज भी आयेगा



**बीते कई वर्षों से यात्रा के दौरान मारपीट व चाकूबाजी जैसी घटनाएं आ चुकी है सामने**

# सावन में कनकी में भक्तों का लगेगा रैला हुड़दंगियों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो दिन बाद भगवान भोलेनाथ की भक्ति का महीना शुरू हो रहा है। ऐसे में सोमवार के दिन जिले के प्रमुख शिवालयों में भारी भीड़ उमड़ती है। जिले के प्रसिद्ध कनकेश्वर धाम कनकी में जल चढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में बाबा भोलेनाथ के भक्त पदयात्रा करते हुए रात को निकलते हैं लेकिन इस यात्रा के दौरान कुछ असामाजिक तत्व भी इसमें शामिल हो जाते हैं और यात्रा को बदरंग करने की भी कोशिश करते हैं। ऐसे हुड़दंगियों को सबक सिखाने के लिए जिला पुलिस को पहले से ही तैयारी करनी होगी ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान भगवान भोलेनाथ के भक्तों को किसी तरह की परेशानी ना हो।

ज्ञात रहे कि सावन के महीने में सर्वमंगला मंदिर से हर सोमवार को कांवड़ियों की पदयात्रा नहर के किनारे लगभग 20 किलोमीटर ग्राम कनकी तक निकलती है। रात 9 बजते ही बड़ी संख्या में लोग सर्वमंगला मंदिर पहुंच जाते हैं वहां से जल लेकर पूरी रात इस मार्ग में हजारों की तादात में भोले भंडारी के भक्तों की बयार बहती है तो वहीं दूसरी ओर पिछले कुछ वर्षों से इस मार्ग में सोमवार को भोलेनाथ की कांवर यात्रा के दौरान कई असामाजिक तत्व सक्रिय हो जाते हैं कई युवक तो अपनी मोटरसाइकिल का साइलेंसर खोलकर शोर मचाते हुए पूरे रास्ते पर हुड़दंग मचाते रहते हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान इस मार्ग में कई बार चाकूबाजी, मारपीट जैसी कई घटनाएं सामने आ चुकी है। इसके लिए जिला प्रशासन व पुलिस को इस पूरे मार्ग में यात्रा के लिए चाक चौबंद व्यवस्था करनी चाहिए ताकि कांवड़ यात्रा उठाने वाले भोलेनाथ के भक्तों को यात्रा के दौरान किसी तरह की समस्या ना हो और ना ही किसी तरह की कोई मारपीट जैसी कोई घटना हो।

**खास बात**

- जिला प्रशासन व पुलिस को सर्वमंगला मंदिर से कनकी तक अतिरिक्त बल की करनी चाहिए तैनाती


फाइल फोटो

**रास्ते भर होगी पेट्रोलिंग**

कांवर यात्रा के दौरान किसी को परेशानी ना हो इसके लिए पुलिस द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की जाएगी। यात्रा के दौरान अलग से पेट्रोलिंग की जाएगी और मंदिर परिसर में भी पुलिस की व्यवस्था होगी। अतिरिक्त पेट्रोलिंग व बल की डिमांड मुख्यालय से की जाएगी।

- **कृष्ण कुमार वर्मा,** थाना प्रभारी उरगा

**सड़क में जाम की स्थिति हो जाती है निर्मित**

सोमवार को बड़ी संख्या में लोग जल चढ़ाने के लिए भगवान भोलेनाथ की नगरी कनकी पहुंचते हैं। इस दौरान ग्राम कनकी पहुंच मार्ग में लोग भारी तादाद में मोटरसाइकिल चारपहिया वाहनों को खड़ा कर देते हैं। जिसके चलते इस मार्ग से आना-जाना करने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासतौर पर बिलासपुर आना-जाना करने वाले यात्रियों को समस्या होती है। इसलिए जिला प्रशासन और पुलिस को यातायात व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतजाम करनी चाहिए ताकि सभी के लिए यातायात व्यवस्था सुगम हो सके और किसी को भी परेशानी ना हो।

**कांवर यात्रियों को सुविधा देने लगेगा कैंप**

श्रावण मास की शुरुआत 22 जुलाई से हो रही है। पहला ही दिन सोमवार का है। ऐसे में शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति होगी, कांवर यात्रा करने वाले लोग भी आधी रात से पहुंचना शुरू हो जाएंगे। कांवड़ियों को जरूरी सुविधा देने के लिए तरदा, रजकम्मा और कोरकोमा के पास बेस कैंप लगाए जा रहे हैं। कोरबा में कांवरिया संघ के अलावा कटघोरा और कोरकोमा में नागरिक संगठन इस प्रकार के काम करने आगे आया है। पिछले वर्षों में भी इनकी भूमिकाएं सुनिश्चित हुई है। बताया गया है कि जल लेकर काफी दूरी पैदल तय करने से श्रद्धालुओं को कुछ परेशानियां हो सकती है इसलिए बीच की दूरी में प्राथमिक चिकित्सा के साथ-साथ चाय, पानी और अन्य सेवाएं दी जा रही हैं। कांवरियों के अलावा अन्य श्रद्धालु भी यहां से सुविधा का लाभ ले सकेंगे।

## भोले का जलाभिषेक करने रवाना होने लगा कावड़ियों का जत्था


कावड़ियों का जत्था रवाना होते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

सावन मास प्रारंभ होने के अवसर पर मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार एवं बोल बम कांवरिया संघ हरदीबाजार के पहला जत्था प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगातार आठवें वर्ष बाबा धाम देवघर के लिए हरदीबाजार बस स्टैंड से पहला जत्था रवाना हुआ।

हरदीबाजार से बोल बम का जत्था बस के माध्यम से सुल्तानगंज बिहार पहुंचकर वहां से कांवर में जल लेकर नंगे पांव 120 किलो मीटर पैदल चलकर बाबा की नगरी देवघर के लिऐ रवाना होगी और बाबा भोले नाथ की पूजा अर्चना कर भोलेनाथ को जल अर्पण करेगा। बाबा धाम जाने वाले सदस्यो मे मां दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष निलेन्द्र राठौर, दुर्गेश डिक्सेना, पंकज ध्रुवा, बजरंग यादव, विक्की जायसवाल, युवराज सिंह कंवर, लोकेश्वर कंवर, अमर सिंह चौहान, राजू गुप्ता, रमेश राठौर, प्रताप कंवर, नरेंद्र अहीर, बिट्टु धुवा, सूर्या यादव, सुनील जायसवाल, विक्की राज, फागूराम यादव, जयनारायण कंवर, विकास कंवर, अभिषेक वर्मा है। इस अवसर पर बाबा धाम जाने वाले शिव भक्तों को शुभकामना देने के लिए नवनीत गुप्ता, देवेश शर्मा, नितेश जायसवाल, ब्रह्मानंद राठौर, डॉ गणेशराम प्रभुवा, राजेश राठौर, सुरेंद्र राठौर, बड्डू भैया, अनिल जायसवाल, अन्नू डिक्सेना, अभिजीत गुप्ता, श्याम राठौर, अजीत नामदेव, मोना राठौर, नीरज जायसवाल, संजय कॅवट, भरत यादव, दीनू यादव, प्रिनीत गुप्ता, प्रकाश बैंड, सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

**खास बात**

- देवघर बैजनाथ धाम जाने के लिए हरदीबाजार से पहला जत्था को ग्रामीणों ने किया रवाना

### शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष बनी छत्तबाई



**ढेलवाडीह।** पालक शिक्षक बालक की बैठक में सर्वसम्मति से शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष के लिए गांव की समाजसेविका श्रीमती छत्तबाई कंवर को मनोनीत किया गया। इनके नाम का प्रस्ताव पालकों की ओर से टीवी श्रीमती कुंतीबाई ने किया व श्रीमती आबिदा बेगम के समर्थन के साथ ही सभी पालकों ने अपना समर्थन दिया। पूर्व अध्यक्ष धजाराम चौहान ने भी प्रसन्नता जाहिर की। बाल संसद की ओर से कुमारी प्रियंका, कुमारी क्रिष्टिना, कुमारी मानसी ने अध्यक्ष का सम्मान कर आशिर्वाद प्राप्त किया। उपस्थित सभी महिलाओं ने छतबाई का सम्मान किया। पालकों ने समिति सदस्यों के अन्य नाम के साथ धजाराम चौहान, रनसाय चौहान, लगनदास महंत व

## चिर्रा-श्यांग डब्ल्यूबीएम सड़क का 40 साल बाद होगा डामरीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की सबसे पुरानी माने जाने वाली कुदमुरा श्यांग सड़क का अब जाकर अस्तित्व बदला जा रहा है। 35 किलोमीटर लंबी इस सड़क के डामरीकरण को लेकर लंबे संघर्ष के बाद 23 किलोमीटर सड़क का डामरीकरण किया गया था। 12 किलोमीटर डामरीकरण नहीं होने से ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल रहा था। अब जाकर 12 किलोमीटर डब्ल्यूबीएम सड़क का डामरीकरण किए जाने के लिए डीएमएफ से 12 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है।

ग्रामीण अंचलों के सड़क निर्माण को लेकर अब डीएमएफ से राशि खर्च किए जाने की शुरूआत चिर्रा श्यांग सड़क से की जा रही है। सांसद और उद्योग मंत्री की उपस्थिति में आहूत बैठक में उपस्थित डीएमएफ कमेटी के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों ने सड़क को लेकर बीते कई वर्षों से चली आ रही ग्रामीणों की मांग से अवगत कराया। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि सड़क निर्माण नहीं होने से गुरमा, श्यांग, चिर्रा, गिरारी जैसे 15 गांव के ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा नहीं मिल पा रही थी। वर्ष 1984 में कुदमुरा से श्यांग तक लोक निर्माण विभाग द्वारा डब्ल्यूबीएम सड़क का निर्माण कराया गया था। उसके बाद से लोक निर्माण विभाग के पास ग्रामीण और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि डामरीकरण को लेकर मांग करते रहे, लेकिन सड़क निर्माण नहीं हो सका। लंबे समय बाद सड़क डामरीकरण को लेकर एडीबी योजना में शामिल किया गया। उसके बाद डामरीकरण कार्य केवल चिर्रा तक ही 22 किलोमीटर तक किया गया। उसके बाद से चिर्रा से लेकर श्यांग तक 12 किलोमीटर सड़क के डामरीकरण के लिए ग्रामीण संघर्ष करते रहे, किंतु उनकी मांग नहीं पूरी की गई। गुरूवार को डीएमएफ की बैठक में 12 किलोमीटर सड़क के डामरीकरण के कार्य को प्रत्याशा में शामिल कर लिया गया और इसके लिए 12 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई।

**खास बात**

- डीएमएफ की बैठक में 12 करोड़ की राशि की गई स्वीकृत


चिर्रा श्यांग मार्ग।

### छग मछुआ महासंघ कल्याण समिति का बैठक संपन्न

**कोरबा।** छग मछुआ महासंघ कल्याण समिति की बैठक बुधवार को कार्यकारिणी की विस्तार के लिए आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत भक्त गुहाराज निषाद को माल्यार्पण कर भगवान रामचंद्र की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं पूजा कर किया गया। बैठक में चर्चा एवं परिचर्चा उपरांत सर्वसम्मति से अध्यक्ष दाताराम आदित्य बालकोनगर एवं उपाध्यक्ष दिनेश केंवट, सचिव लक्ष्मी प्रसाद जलतारे, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार केंवट, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रेरणा केंवट युवा प्रभागअध्यक्ष संजय केंवट, संयुक्त सचिव अनुभव राकेश एवं गिरिजा प्रसाद धीवर को पदाधिकारी नियुक्त किया गया। संरक्षक कार्तिक राम केंवट एवं श्रीमती अमृता निषाद एवं प्रवक्ता पुरुषोत्तम कटकवार को मनोनीत किया गया।




**कोल इंडिया में इस वित्तीय वर्ष के पहली तिमाही में 2918 मेनपावर की हुई कमी**

# एसईसीएल में प्रथम तिमाही में 616 मेनपावर हुआ कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस वित्तीय वर्ष के पहले तिमाही में ही एसईसीएल में लगभग 616 कर्मचारी कम हो गए हैं। कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनियों में लगातार मेनपावर कम होते जा रहा है। कोल इंडिया में इस वित्तीय वर्ष के पहले तिमाही में लगभग 2918 मेनपावर कम हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनी में कर्मचारियों के कमी की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। सभी कंपनियों में मेनपावर घटते जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष के पहले तिमाही में जहां एसईसीएल में 616 मेनपावर कम हुआ है वहीं बीसीसीएल में 529, इसीएल में 634, सीसीएल में 66, एमसीएल में 247, एनसीएल में 148, एनइसी में 13 व कोल इंडिया मुख्यालय में दो मैनपावर की कमी हुई है। कोल इंडिया का मैनपावर चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में 2918 कम हुआ है। इस दौरान सर्वाधिक 667 मैनपावर डब्ल्यूसीएल में कम हुआ है। वहीं इसीएल में 634, एसइसीएल में 616, बीसीसीएल में 529 और सीसीएल में 66, एमसीएल में 247, एनसीएल में 148, एनइसी में 13 व कोल इंडिया मुख्यालय में दो मैनपावर की कमी हुई है इधर सीएमपीडीआइ में चार मैनपावर की बढ़ोतरी हुई है। बता दें कि गत वित्तीय वर्ष (2023-24) की प्रथम तिमाही में कोल इंडिया का मैनपावर 4237 कम हुआ था।



**3506 हुए रिटायर्ड, 450 कर्मियों की हुई मौत**

चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में कोल इंडिया व विभिन्न अनुषंगी कंपनियों में पदस्थापित कुल 3506 कर्मी रिटायर्ड हुए हैं, जबकि 450 कर्मियों की मौत हुई है, वहीं 73 कर्मियों ने इस्तीफा दिया। 163 को रिलीज व 48 कर्मियों को कंपनी से बर्खास्त कर दिया गया है। इसके अलावा 382 को अनुकंपा नौकरी, 397 की फ्रेश बहाली, 370 को जमीन के बदले नियोजन व 155 लोगों ने अन्य अनुषंगी कंपनियों से योगदान दिया है।

MARUTI SUZUKI
REQUIRES
KORBA
SALES EXECUTIVE
5 Post (Graduate)
SERVICE ADVISOR
2 Post (BE/B.Tech Mech.)
MECHANIC
4 Post (ITI)
KATGHORA
SALES EXECUTIVE
2 Post (Graduate)
MECHANIC
2 Post (ITI)
Interested candidates may walk in between 11 to 2 pm along with there resume on Monday 22 July 2024
SATYA AUTO PVT. LTD.
Near Old Bus Stand, Bilaspur (C.G.)
Noman Sinha
Mob.: 90987-50248
email: noman.sinha@teamsatya.in

हरिभूमि 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780